आइएलएस

असिस्टेंट प्रोफेसर के इंटरव्यू में 23 शामिल

रांची. रांची विवि अंतर्गत इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज (आइएलएस) में असिस्टेंट प्रोफेसर के चार पदों पर नियुक्ति के लिए शनिवार को इंटरव्यू हुआ. 11 माह के अनुबंध के आधार पर नियुक्ति के लिए कुल 35 अभ्यर्थियों ने आवेदन दिया, जिसमें 29 आवेदन सही पाये गये. हालांकि, इंटरव्यू में 23 अभ्यर्थी ही शामिल हुए. इंटरव्यू बोर्ड में कुलपति प्रो सरोज शर्मा, रांची विवि के लॉ डीन डॉ पंकज चतुर्वेदी, एसटी/एससी प्रतिनिधि, सीवीएस के निदेशक डॉ मुकुंद चंद्र मेहता, सीवीएस उप निदेशक डॉ स्मृति सिंह, आइएलएस के प्रभारी निदेशक विनोद नारायण शामिल थे. इंटरव्यू के संचालन में डॉ देवधरिया का भी अहम योगदान रहा.

सिविल जज जूनियर पीटी का संशोधित रिजल्ट हुआ जारी, बढ़ गये 47 अभ्यर्थी

- दो जुलाई 2024 को जारी प्रथम रिजल्ट में 1797 अभ्यर्थी हुए थे सफल
- 138 पद के लिए जारी संशोधित रिजल्ट में 1844 अभ्यर्थी हुए उत्तीर्ण

विशेष संवाददाता, रांची

सिविल जज (जूनियर डिविजन) के 138 पदों पर नियुक्ति के लिए 10 मार्च 2024 को ली गयी प्रारंभिक परीक्षा (पीटी) का संशोधित रिजल्ट जारी कर दिया गया है. इसमें कुल 1844 अभ्यर्थी सफल घोषित किये गये. जबकि, पहली बार दो जुलाई 2024 को जारी रिजल्ट में 1797 अभ्यर्थी सफल घोषित हुए थे. संशोधित रिजल्ट में 47 अभ्यर्थी बढ़ गये हैं. जेपीएससी द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित न्यायादेश के आलोक में संशोधित आंसर-की जारी की गयी. संशोधित आंसर-की में कुल 100 प्रश्न में पांच प्रश्न के पूर्व के उत्तर में सुधार कर किया गया. जबकि, दो प्रश्न ड्रॉप कर दिये गये. वहीं, तीन प्रश्न के दिये गये सभी विकल्प गलत पाये जाने की स्थिति में सभी अभ्यर्थियों को एक-एक अंक दिये गये.

न्यायालय के अंतिम निर्णय से प्रभावित रहेगा रिजल्ट : आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक, न्यायालय के अंतिम निर्णय से रिजल्ट प्रभावित होगा. मुख्य परीक्षा की तिथि बाद में घोषित की जायेगी.

138 में से 60 पद अनारक्षित : नियुक्ति परीक्षा वर्ष 2023 से चल रही है. जज जूनियर डिविजन के कुल 138 पदों में अनारक्षित के 60, एसटी के 28, एससी के 12, बीसी वन के 10, बीसी टू के 15 व इडब्ल्यूएस के 13 पद शामिल हैं.

मुख्य परीक्षा चार पेपर की होगी, प्रत्येक 100 अंक का

मुख्य परीक्षा कुल चार पेपर की होगी. प्रत्येक पेपर 100 अंक का होगा. मुख्य परीक्षा के लिए वाइवा-वॉयस टेस्ट 100 अंकों का होगा. फाइनल मेरिट लिस्ट मुख्य परीक्षा व वाइवा-वॉयस टेस्ट में मिले अंकों के आधार पर तैयार होगा. रिजल्ट में झारखंड सरकार द्वारा निर्धारित आरक्षण नीति का पालन किया जायेगा.

मध्यमा परीक्षा का प्रवेश पत्र अब 12 से

रांची. राज्य में मदरसा व मध्यमा परीक्षा-2026 के परीक्षार्थियों का प्रवेश पत्र 12 जून से डाउनलोड होगा. झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने प्रवेश पत्र वितरण को लेकर पूर्व निर्धारित तिथि में बदलाव किया है. प्रवेश पत्र पहले आठ जून से डाउनलोड होना था. प्रवेश पत्र जैक की वेबसाइट www. jac. jharkhand.gov.in से डाउनलोड होगा.

स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन में नामांकन शुरू

रांची. रांची विवि में बीए ऑनर्स इन जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन (सत्र 2026-29) में नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे जा रहे हैं. नामांकन के लिए किसी भी विषय से 12वीं या इंटरमीडिएट में 45 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना जरूरी है. निदेशक डॉ बसंत झा ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी चांसलर पोर्टल से नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. आवेदक को https:// universities.jharkhand.gov.in/home पर जाकर अपना अकाउंट बनाना होगा. इसके बाद लॉगिन कर आरयू सेलेक्ट कर आवेदन कर सकते हैं.

यूजी में नामांकन के लिए सीटें निर्धारित

रांची. रांची वीमेंस कॉलेज में स्नातक स्तरीय विषयों के लिए सीटें निर्धारित की गयी हैं. इनमें भौतिकी, रसायनशास्त्र, भूगोल, बीसीए, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, दर्शनशास्त्र, होम साइंस, क्रिएटिव एंड परफॉर्मिंग आर्ट/म्यूजिक विषय के लिए 120-120 सीटें, गणित, इतिहास, राजनीतिशास्त्र, हिंदी, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, बीबीए विषय में 180-180 सीटें, उर्दू, संस्कृत, कुडुख, नागपुरी विषय के लिए 60-60 सीटें, कॉमर्स व लाइफ साइंस के लिए 240-240 सीटें तथा बीए-बीएड, बीएससी-बीएड, बीकॉम-बीएड के लिए 50-50 सीटें निर्धारित की गयी हैं.

कार्यालय उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, राँची
(जिला नीलाम पत्र शाखा)

प्रेस विज्ञप्ति

सभी बैंक/जीवन बीमा निगम/सभी वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं वित्त पोषित संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि **Authorised Officer, UCO Bank Ranchi Main Branch, Ranchi** ने देनदार **Smt. Rashmi Prabha and Mr. Vijay Kumar Vishkarma** Flat No 201, 2nd Floor, Bindhya Complex, Hesal, Ojha Market Road, Ranchi 834005 के विरुद्ध धारित भूमि **(All the part and parcel of Plot no 201 on the second floor super built up area of 1292 sq ft with one car parking space in ground floor said building namely Bindhya Complex situated at village Hesal, khata no 33, plot no 624/8-2, ward no 34, P S Sukhdeonagar, Thana No. 202, Dist Ranchi, Jharkhand 834005. Title Deed No. 689/792 Dated: 30/01/2019 name of the owner of the mortgage property : Smt. Rashmi Prabha)** का दखल लेने हेतु SARFAESI Act 2002 के नियम-14(i) एवं (ii) के अंतर्गत आवेदन किये है।

किसी भी संस्था/व्यक्ति को आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 10 दिनों के अंदर अपनी आपत्ति दायर करें। निर्धारित तिथि के बाद दायर आपत्ति आवेदन-पत्र पर कोई सुनवाई नहीं होगी एवं आवेदनकर्ता बैंक/संस्था को निर्धारित तिथि को दखल दिला दिया जायेगा।

ह०/-
उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी
राँची

ज्ञापांक: 755 (ii) /नी० राँची | दिनांक : 22-11-25

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन,प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय, (रोजगार कार्यालय) गढ़वा।

राज्य के सभी जिलों के तकनीकी एवं गैर तकनीकी क्षेत्र में योग्यता रखने वाले आवेदकों के लिए निजी क्षेत्र में रोजगार पाने का सुनहरा अवसर।
अप्रैन्टिसशीप मेला–सह–भर्ती कैम्प सूचना–2026

राज्य के बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय,गढ़वा के तत्वावधान में दिनांक–08.06.2026 (दिन–सोमवार) को पूर्वाह्न–10.30 बजे से अपराह्न 3.00 बजे तक औ0प्रशि0संस्थान, गढ़वा के परिसर में एक दिवसीय "दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजनान्तर्गत अप्रैन्टीसशीप मेला–सह–भर्ती कैम्प–2026" का आयोजन किया जा रहा है। **अप्रैन्टीसशीप मेला–सह–भर्ती कैम्प में निम्न नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है:–**

S. No.	Name and Add. Of the Employer		Name of the Post	No. Of Vacancy	Qualification: Essential	Qualification: Desirable	Experience	Age	Salary	Job Location
1	2		3	4	5	6	7	8	9	10
01	Ruchitha Associates, Hyderabad.	Premier Energies (Solar Fact.)	Operator	200	10th Pass	ITI (Electrical)	-	18 to 25	16000-20000/- (8 hours)	Hyderabad
		Renewsys (Solar Fact.)	Operator	200	Graduation	ITI (Electrician, Fitter)	-	18-25	20000-30000/- (12 hours)	
02	AISECT Mega Skill, Meral		Computer trainer	07	PGDCA	BCA/MCA	2yr	21-45	10000-15000/-	Garhwa
			Electrician Trainer	04	12th Pass	DIP/ITI	02yr	21-45	10000-18000/-	
			GDA Trainer	04	B.Sc. Nursing	GNM	02yr	21-45	12000-20000/-	
03	Shri Ram Life Insurance. Co.LTD		Business Associate	30	10th Pass	-	-	20-50yr	22,000/-	Garhwa
04	Terrier Security Services		Security Guard	200	10th Pass	-	-	18-40 yr	17,000-23000/-	PAN India

अप्रैन्टीसशीप मेला–सह–भर्ती कैम्प में भाग लेने वाले निजी नियोजकों एवं उनसे प्राप्त रिक्तियों की विस्तृत विवरणी से संबंधित सूचना झारखण्ड सरकार के वेबसाईट–WWW. Jharniyojan.jharkhand.gov.in एवं garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।

अप्रैन्टीसशीप मेला–सह–भर्ती कैम्प में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि वे पूर्व में निबंधित न हो तो **अप्रैन्टीसशीप मेला–सह–भर्ती कैम्प** तिथि के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में जा कर या स्वयं अधिकृत वेबसाईट–WWW.jharniyojan.jharkhand.gov.in से स्वंय कर सकते हैं। **अप्रैन्टीसशीप मेला–सह–भर्ती कैम्प** के दिन निबंधन का कार्य स्थगित रहेगा। रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, इसलिए रिक्ति के शर्तों के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहे है। **अप्रैन्टीसशीप मेला–सह–भर्ती कैम्प** में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा।

विशेष जानकारी के लिए जिला नियोजनालय,गढ़वा से सम्पर्क कर सकते है।

PR 381741 (Labour Employment and Traning) 26-27 (D)

जिला नियोजन पदाधिकारी,
गढ़वा।

बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI
Relationship beyond banking

आंचलिक कार्यालय, राँची अंचल
प्रधान टॉवर्स, ओवरब्रिज के पास, मेन रोड, राँची - 834001
सरफेसी अधिनियम 2002 के तहत गिरवी रखी संपत्तियों की ई-नीलामी विक्रय सूचना

निम्नवर्णित सम्पत्तियों को सरफेसी अधिनियम 2002 के प्रावधानों के तहत "जैसा है जहां है के आधार पर" और "जैसा है जो है के आधार पर" और "बिना किसी संसाधन के आधार पर" बेचा जाना है

क्र. सं.	शाखा का नाम / खाता/ उधारकर्ता/ जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम	गिरवी रखी गई संपत्ति का विवरण	कब्जे की स्थिती	A) आरक्षित मूल्य / B) अग्रधन जमा राशि	बकाया राशि एवं सम्पत्ति ID
01	राँची वसूली शाखा / मेसर्स नटराज राइस मिल्स प्रा. लिमिटेड	1. कंपनी की स्थायी परिसंपत्तियों (प्लांट एवं मशीनरी, विद्युत एवं अन्य परिसंपत्तियाँ जो फैक्ट्री परिसर में स्थित हैं) पर चार्ज, जो मौजा– डकरा, सिरारी रोड, थाना– रामगढ़ चौक, जिला– लखीसराय, बिहार में स्थित फैक्ट्री स्थल पर अवस्थित हैं। 2. कुल क्षेत्रफल 4 एकड़ 23.25 डिसमिल भूमि का समतुल्य बंधक (Equitable Mortgage), जो निम्नलिखित विवरण के अंतर्गत आती है : खाता संख्या 263 के अंतर्गत प्लॉट संख्या 1742 (क्षेत्रफल: 35.25 डिसमिल + 10.25 डिसमिल + 68.25 डिसमिल), खाता संख्या 196 के अंतर्गत प्लॉट संख्या 1741 (क्षेत्रफल: 77 डिसमिल), प्लॉट संख्या 1752 (क्षेत्रफल: 23.50 डिसमिल + 50 डिसमिल), खाता संख्या 176 के अंतर्गत प्लॉट संख्या 1745 (क्षेत्रफल: 36.25 डिसमिल + 8.75 डिसमिल), प्लॉट संख्या 1746 (क्षेत्रफल: 57 डिसमिल + 57 डिसमिल) उक्त सम्पूर्ण भूमि ग्राम– डकरा, थाना– रामगढ़ चौक, थाना संख्या– 106, जिला– लखीसराय, बिहार में स्थित है तथा मेसर्स नटराज राइस मिल प्रा. लि. के स्वामित्व में है। **सीमाबद्ध** : उत्तर में – उमेश सिंह एवं अन्य की संपत्ति, दक्षिण में – प्लॉट संख्या 1736 एवं 1738, पूर्व में – सहदेव सिंह एवं अन्य की संपत्ति, तथा पश्चिम में – पाइन बंधु ग्राम सड़क।	13(2)- 02.07.2025 13(4)- 13.10.2025 सांकेतिक कब्जा विक्रय सूचना तिथि : 01.06.2026	कारख़ाना के लिये A) Rs. 658.00 Lakhs B) Rs. 65.80 Lakhs भूमि के लिये A) Rs. 710.00 Lakhs B) Rs. 71.00 Lakhs	रु. 1930.00 लाख + ब्याज एवं शुल्क संपत्ति 01 के लिए BKIDRANNATPM संपत्ति 02 के लिए BKIDRANNATLB
02	राँची वसूली शाखा / ट्रस्ट डायग्नोस्टिक सेंटर	वाणिज्यिक परिसर का साम्यिक बंधक, अर्थात दुकान संख्या 02, जो ग्राउंड फ्लोर, ब्लॉक-A, एम एंड जे बिल्डिंग, फिरायलाल कंपाउंड, रेडिसन ब्लू होटल के सामने, कडरू डाइवर्जन रोड, प्लॉट संख्या 1794 एवं 1795, ग्राम – सिरम, थाना – चुटिया, थाना संख्या 210, होल्डिंग संख्या 531, नया वार्ड संख्या – 3, थाना – राँची, जिला – राँची में श्री जतिन सहाय के नाम पर, विक्रय विलेख संख्या 8546/7570 दिनांक 16.12.2017 के अनुसार, कुल सुपर बिल्ट-अप क्षेत्रफल 1555 वर्ग फीट में स्थित है। **सीमाबद्ध :** उत्तर में – दुकान संख्या 01, दक्षिण में – दुकान संख्या 03, पूर्व में – खुला स्थान, तथा पश्चिम में – लॉबी, लिफ्ट एवं सीढ़ियाँ।	13(2)- 31.08.2022 13(4)- 05.11.2022 सांकेतिक कब्जा विक्रय सूचना तिथि : 01.06.2026	A) Rs. 146.85 Lakhs Rs. 14.70 Lakhs	रु. 555.07 लाख + ब्याज एवं शुल्क BKIDRAN172
03	क्लबसाइड शाखा / अंजलि इंटरनेशनल	श्री जय प्रकाश जायसवाल के नाम पर स्थित फ्रीहोल्ड आवासीय संपत्ति का समतुल्य बंधक (EQM), जो फ्लैट संख्या– 302, तृतीय तल पर स्थित "विद्या एन्क्लेव" नामक भवन में अवस्थित है। उक्त फ्लैट का सुपर बिल्ट-अप क्षेत्रफल 1393 वर्ग फुट है, जो लोअर बर्दवान कम्पाउंड, ग्राम– लालपुर, थाना संख्या– 197, वार्ड संख्या– 20, जिला– रांची, झारखंड में स्थित है।	13(2)- 02.02.2026 13(4)- 15.04.2026 सांकेतिक कब्जा विक्रय सूचना तिथि : 01.06.2026	A) Rs. 59.10 Lakhs B) Rs. 5.91 Lakhs	रु. 300.88 लाख + ब्याज एवं शुल्क BKIDRANANJI
04	अप्पर बाजार शाखा / मेसर्स विशाल एंटरप्राइजेज	प्रसाद कॉम्प्लेक्स नामक बहुमंजिला वाणिज्यिक भवन की दूसरी मंजिल (2nd Floor) पर स्थित दुकान संख्या S-4, का साम्यिक बंधक जिसका सुपर बिल्ट-अप क्षेत्रफल 123 वर्ग फुट है, जो रामचन्द्र लेन (श्रद्धानंद रोड), ग्राम – चडरी, पी.एस. संख्या – 199, वार्ड संख्या – 22, थाना – कोतवाली, जिला – रांची, झारखंड में स्थित है तथा जिसका स्वामित्व श्री प्रवीण पारीक, पिता श्री कृष्ण कुमार पारीक के नाम पर है।	13(2)- 26.09.2024 13(4)- 20.12.2024 सांकेतिक कब्जा विक्रय सूचना तिथि : 01.06.2026	A) Rs. 9.91 Lakhs B) Rs. 0.99 Lakhs	रु. 30.10 लाख + ब्याज एवं शुल्क BKIDRAN171
05	अप्पर बाजार शाखा / गायत्री सिंह	आर.एस. प्लॉट संख्या 1279, जिसे उप-प्लॉट संख्या 1279/A एवं 1279/B (भाग) के रूप में चिह्नित किया गया है, खाता संख्या 312 के अंतर्गत, रांची नगर निगम के वार्ड संख्या 36 के भीतर स्थित भूमि का समस्त भाग एवं अंश, जिसका कुल क्षेत्रफल 7.43 डिसमिल है, जो ग्राम – पुंदाग, थाना – जगन्नाथपुर, थाना संख्या – 228, जिला – रांची, झारखंड में स्थित है तथा जिसका स्वामित्व श्रीमती शारदा सिंह, पति श्री सुमन शंकर सिंह के नाम पर है।	13(2)- 23.05.2023 13(4)- 22.09.2023 सांकेतिक कब्जा विक्रय सूचना तिथि : 01.06.2026	A) Rs. 37.26 Lakhs B) Rs. 3.73 Lakhs	रु. 19.81 लाख + ब्याज एवं शुल्क BKIDRANGAYAT

संपत्तियों हेतु संपर्क विवरण : क्रमांक 01 एवं 02 – शुभम कुमार अग्रवाल – 8370032832, क्रमांक 03 – गुणाधर सेना – 9444589808
क्रमांक 04 एवं 05 – संजय बैठा – 7697866649

ई-नीलामी की तिथि एवं समय : 09.07.2026 प्रात: 11:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक 5 मिनट की अवधि के असीमित विस्तार के साथ
संपत्ति निरीक्षण तिथि : 08.07.2026 तक (प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें)

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : एआरडी, अंचल कार्यालय, अनूप गुप्ता (मुख्य प्रबंधक) 7772845416, गणेश कुमार (वरिष्ठ प्रबंधक) मोबाइल. 9386107289

ई-नीलामी के नियम एवं शर्तें इस प्रकार हैं : (1) ई-नीलामी अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट https://baanknet.com पर प्रदान की गई ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक बोली प्रक्रिया के माध्यम से की जाएगी। (2) ई-नीलामी के नियम और शर्तों के विवरण के लिए, कृपया https://baanknet.com देखें। (3) अद्योहस्ताक्षरकर्ता के पास स्व-विवेक से बिना किसी पूर्व सुचना एवं कारण बताये किसी भी बोली स्वीकृत या अस्वीकृत करने अथवा बिक्री को स्थगित करने/ टालने/ रद्द करने अथवा बिक्री के नियमों को संशोधित करने का सम्पूर्ण अधिकार है।

स्थान : राँची
विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य है।
प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ इंडिया

केन्द्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट)
(रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार)
हेहल, राँची - 834005
फोन/Phone :0651-2999713, ईमेल/Email:ranchi@cipet.gov.in, वेबसाईट/Website:www.cipet.gov.in

AICTE Approved Courses
प्रवेश प्रारंभ 2026
लेटरल एंट्री एडमिशन - 2026
100% Placement Assistance

12वीं एवं ITI के छात्रों के लिए डिप्लोमा पाठ्यक्रम

क्र.सं.	पाठ्यक्रम का नाम	कोर्स अवधि	प्रवेश योग्यता
1.	प्लास्टिक्स मोल्ड टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा (डीपीएमटी)	2 वर्ष	10+2 (भौतिक विज्ञान/ गणित/ रसायन विज्ञान/ कम्प्यूटर विज्ञान/ इलेक्ट्रानिक्स/ सूचना प्रौद्योगिकी/ जीव विज्ञान/ सूचना विज्ञान अभ्यास/ जैव प्रौद्योगिकी/ तकनीकी व्यावसायिक/कृषि इंजीनियरिंग ग्राफिक्स/ व्यावसायिक अध्ययन/ उद्यमशीलता) के साथ अथवा 2 वर्षीय आईटीआई पास किये हुए विद्यार्थी योग्य पात्र है।
2.	प्लास्टिक्स टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा (डीपीटी)		

कोई आयु सीमा नही | प्रवेश लेने के लिए संस्थान का भ्रमण करें। | Eligible for Govt. Scholarship Separate Hostel Accommodation for boys and Girls

आवेदन शुल्क
GEN/OBC - 500/-
ST/SC - 250/-
North Eastern Region Candidate-100/-

महत्वपूर्ण तारीख	
आवेदन देने की अंतिम तिथि	: 25.06.2026
एडमिशन परीक्षा की तारीख	: 30.06.2026

अधिक जानकारी हेतु कृपया संपर्क करें:
9937344037, 9438093347, 8249790070, 9351351741

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक!
punjab national bank ...the name you can BANK upon!

एआरएमबी-राँची (पता- एस एन गांगुली रोड, राधेश्याम लेन, राँची-834001 फोन: 7300705205, ईमेल-cs6794@pnb.bank.in)

अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के बिक्री हेतु ई–नीलामी विक्रय सूचना।

एतद् द्वारा सामान्य रूप से आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता(कों) और ज़मानतदार(रों) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति को, जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित किया गया है, जिसका रचनात्मक/भौतिक/सांकेतिक कब्ज़ा बैंक/सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी/प्रतिभूत लेनदार द्वारा ले लिया गया है, संबंधित उधारकर्ता(ओं) और ज़मानतदार (रों) से बैंक/सुरक्षित लेनदार होने के कारण अपनी बकाया राशि की वसूली के लिए नीचे दी गई तालिका में उल्लेखित तिथि को **'' जहाँ है'', ''जैसा भी है'' और ''जो कुछ भी है''** के आधार पर बेची जाएगी आरक्षित मूल्य और अग्रधन जमा राशि संबंधित सम्पत्तियों के सामने नीचे दिए गए तालिका में उल्लेखित है।

सुरक्षित संपत्तियों की अनुसूची

लॉट सं.	शाखा का नाम / उधारकर्ता का नाम / उधारकर्ता/जमानतदारों के खाता का नाम एवं पता	बंधक/स्वामी के नाम के अचल संपत्तियों का विवरण (बंधकर्ता की संपत्ति (यों))	ए) सरफेसी एक्ट 2002 के 13(2) के तहत डिमांड नोटिस की तिथि / बी) डिमांड तिथि पर बकाया राशि / सी) कब्जा की तिथि 13(4) सरफेसी एक्ट 2002 के अनुसार / डी) कब्जा का प्रकार (सांकेतिक/भौतिक/रचनात्मक)	ए) आरक्षित मूल्य / बी) इएमडी / सी) बोली वृद्धि राशि / डी) बैंकनेट आईडी	ई-निलामी की तिथि एवं समय	प्रतिभूति लेनदार को ज्ञात भार प्रमाण का विवरण
1.	पीएनबी- सिंह मोड़, रांची (216810) / मेसर्स लालजी ज्योति प्रा. लिमिटेड ज्योतिकुंज, हजाम, नामकुम, पी. एस. नामकुम, रांची, राज्य-झारखंड, पिन कोड- 835221 / श्री लालजी प्रसाद (अब स्वर्गीय) पिता श्री हरि प्रसाद और श्रीमती ज्योति देवी पति श्री लालजी प्रसाद फ़्लैट नंबर 8-बी, 8वीं मंज़िल, रामसखी टावर, तुपुदाना रोड, हटिया-834003	श्री लालजी प्रसाद (अब स्वर्गीय) पिता श्री हरि प्रसाद तथा श्रीमती ज्योति देवी, पति श्री लालजी प्रसाद के नाम पर बिक्री विलेख संख्या 4258/5122 दिनांक 27.07.2015 के अनुसार आठवीं मंज़िल पर स्थित फ़्लैट नंबर 8बी का सभी भाग एवं अंश जिसका सुपर बिल्ट–अप एरिया 1290 वर्ग फ़ीट है। यह फ़्लैट ''**रामसखी टॉवर**'' नामक बहुमंज़िला रिहायशी इमारत में स्थित है। यह इमारत खाता नंबर 63, प्लॉट नंबर 623, एरिया 75.97 डिसमिल भूमि पर बनी है जो टुपूदाना पी.एस. रांची, वर्तमान पी.एस. जगन्नाथपुर, थाना नंबर 267, वार्ड नंबर 55, ज़िला राँची में स्थित है। इसके साथ ही 435.6 वर्ग फ़ीट भूमि का अविभाजित हिस्सा और बेसमेंट में एक कार पार्किंग की जगह भी शामिल है, जिसका उपयोग और उपभोग साझा रास्ते, लॉबी, सीढ़ियों, लिफ़्ट, जनरेटर, कंपाउंड और छत के माध्यम से किया जा सकता है। इस संपत्ति की चौहद्दी इस प्रकार हैं: उत्तर: सीढ़ियाँ और कॉरिडोर, दक्षिण: खुला स्थान, पूरब: डक्ट और लिफ़्ट, पश्चिम: खुला स्थान।	A) 03.02.2025 / B) Rs. 70,49,367.81+ further interest / C) 09.09.2025 / D) सांकेतिक	A) Rs. 38,21,940.00 / B) Rs. 3,82,194.00 / C) Rs. 1,00,000.00 / D) PUNBEE461251177	23.06.2026 From: 11:00 AM to 04:00 PM	किसी अन्य भार का पता बैंक को ज्ञात नहीं
2.	पीएनबी- खुंटी, खुंटी (196610) / मेसर्स पार्वती डिजिटेक सिस्टम श्री राजेश कुमार सिंह पिता श्री राम सिंह	श्री राजेश कुमार सिंह पिता श्री श्रीराम सिंह के नाम पर बिक्री विलेख संख्या 14855/16941 दिनांक 07.09.2009 के अनुसार खाता संख्या 40, सर्वे प्लॉट संख्या 70, सब प्लॉट संख्या 70/भाग के अंतर्गत आने वाली आवासीय भूमि और उस पर बनी संरचना का सभी भाग एवं अंश, जिसका क्षेत्रफल 1100 वर्ग फुट है। यह मौजा हरदाग, थाना रांची, थाना संख्या 275 वर्तमान थाना हटिया, जिला रांची के अंतर्गत स्थित है, इस संपत्ति की चौहद्दी इस प्रकार हैं: उत्तर: सर्वे प्लॉट संख्या 71, दक्षिण: विक्रेता की अपनी भूमि, पूरब: प्रस्तावित सड़क, पश्चिम: विक्रेता की अपनी भूमि।	A) 26.08.2025 / B) Rs. 36,09,212.52+ further interest / C) 17.12.2025 / D) सांकेतिक	A) Rs. 21,34,000.00 / B) Rs. 2,13,400.00 / C) Rs. 1,00,000.00 / D) PUNBABA47894076	23.06.2026 From: 11:00 AM to 04:00 PM	किसी अन्य भार का पता बैंक को ज्ञात नहीं

नियम और शर्तें:–

बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियमों के अधीन होगा और निम्नलिखित शर्तों का पालन करना होगा:

1. संपत्तियों को **'जहाँ है जैसा है', 'जो है जैसा है एवं 'जिस अवस्था में है'** के आधार पर बेची जा रही हैं।
2. ऊपर वर्णित अग्रधन जमा राशि (ईएमडी) की रकम मेसर्स पीएसबी एलायंस प्राईवेट लिमिटेड (http://baanknet.com) पोर्टल के ई–वॉलेट में सीधे जमा की जाएगी या फिर पोर्टल पर चालान बनाकर, उस चालान में दिए गए खाते के विवरण के अनुसार आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी **दिनांक 22.06.2026 को 16:00 बजे** या उससे पहले जमा करना अनिवार्य है।
3. उपर्युक्त अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित परिसंपत्तियों का विवरण को प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार दिया गया है, किन्तु प्राधिकृत अधिकारी इस घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत बयान या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा।
4. बिक्री वेबसाइट : **https://www.baanknet.com** पर **संपत्ति क्रम सं. 1 और 2 के लिए दिनांक 23.06.2026 को प्रात: 11.00 बजे** ई–नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी।
5. बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया :**https://www.baanknet.com, www.pnbindia.in** देखें।

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) और 9(1) के अंतर्गत वैधानिक बिक्री सूचना।

तिथि: 04.06.2026
स्थान: राँची
नोट: विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा।
ह./- प्राधिकृत अधिकारी
पंजाब नैशनल बैंक, प्रत्याभूति दाता